# यूपी में निवेशकों और उनकी पूंजी की सुरक्षा की पूरी गारंटी : योगी

## बोले, प्रदेश में बबले स्कॉट रिवाल्वर से लेकर एके-47 और ब्रह्मोस मिसाइल तक बन रहे

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में निवेश लाना चुनौतीपूर्ण था। कानून-व्यवस्था बदहाल थी, कोई स्पष्ट नीति नहीं थी। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी देश में 14वें पायदान पर था। आज प्रदेश में निवेशकों और उनकी पूंजी की सुरक्षा की गारंटी है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 33.50 लाख करोड़ रुपये के मिले निवेश प्रस्ताव मिलना इसके प्रमाण हैं। प्रदेश सही ट्रैक पर आगे बढ़ रहा है और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को गीडा के सेक्टर-23 में स्थापित प्रतिष्ठित उद्योग समूह मेसर्स अंकुर उद्योग लिमिटेड के अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा एक सप्ताह पहले उन्हें संडीला (हरदोई) में एशिया की सबसे बड़ी बर्जर पेंट फैक्ट्री का शुभारंभ करने का अवसर मिला। इसमें बर्जर पेंट ने 1000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड में बनने वाली बबले स्कॉट रिवाल्वर अब यूपी में बनेगी। इसके लिए संडीला में निवेश की प्रकिया चल रही है। रूस में बनने वाली एके राइफल का लेटेस्ट वर्जन 2.03, ब्रह्मोस मिसाइल, बड़े-बड़े एयरक्राफ्ट सब यूपी में बनने जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि की यह हमारी सोच और कार्यपद्धति पर निर्भर करता है कि हम अपना भविष्य कैसा बनाना चाहते हैं। जब सुरक्षा का माहौल होता है, किसी के साथ भेदभाव नहीं होता है, सकारात्मक सोच की ताकतों की एकजुटता होती है, तो अच्छे परिणाम सबके सामने होते हैं।



गोखपुर में अंकुर उद्योग लिमिटेड की इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट के उद्घाटन अवसर पर बोलते मुख्यमंत्री योगी।

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर उठते थे सवाल

सीएम योगी ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर सवाल उठते थे कि लक्ष्य क्या होगा। हमने कहा था कि हम सिर्फ लोअर लिमिट तय करेंगे, अपर लिमिट जनता तय करेगी। शुरू में 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लोअर लिमिट रखा गया। जब हमारी टीमें देश और दुनिया में निकलीं तो निवेशक इंतजार करते मिले। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था, सेक्टोरल पॉलिसीज, पारदर्शी व्यवस्था से प्रभावित निवेशकों ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव दिए हैं।

### दक्षिणांचल के किसान बंदरगाह से कर सकेंगे फसलों का निर्यात

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जिले के दक्षिणांचल के लोगों के लिए बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक नक्शे पर चमकाने के साथ ही दक्षिणांचल में वाटर-वे की सुविधा दी जाएगी। इससे स्थानीय किसान अपनी फसलों और सब्जियों का बंदरगाह के माध्यम से निर्यात कर सकेंगे। >> पेज 2

### खुद लोकतंत्र का गला घोंटते रहे हैं भारत को कोसने वाले

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना जोरदार हमला बोला। लंदन में राहुल गांधी के कथित बयान पर सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में एक तरफ वैश्विक मंचों पर भारत का दबदबा बढ़ रहा है, तो दूसरी तरफ कुछ लोग दुनिया के देशों में जाकर भारत की आलोचना कर रहे हैं। >> पेज 2

### 45 लाख ग्रामीण परिवारों की महिलाओं को मिलेगा रोजगार

**लखनऊ।** प्रदेश में 45 लाख ग्रामीण परिवारों की महिलाओं को इस साल दिसंबर तक रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रदेश में 2.83 लाख नए महिला स्वयं सहायता समूह बनाए जाएंगे। >> विस्तृत पेज 13 पर